Date :- 19-05-2025
Dainik Bhaskar, Page-01, Surat

**भास्कर एक्सक्लूसिव** सूरत मेट्रो ट्रेन की पहली झलक भास्कर में... 2023 में टीटागढ़ को दिया गया था 72 कोच का ऑर्डर

# हमारी मेट्रो ट्रेन होगी सबसे अनूठी... गुजरात की प्रसिद्ध गरबा थीम और उसकी ज्योत पर होगा कोच का इंटीरियर

**ताकि...** सफर के दौरान सूरती अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव महसूस कर सकें

लवकुश मिश्रा | सूरत

शहर में मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत फेज-1 में बन रहे लाइन-1 और लाइन-2 का काम तेजी से चल रहा है। हालांकि हमारी मेट्रो ट्रेन और कोच कैसे होंगे, इसका लुक कैसा होगा, कोच का इंटीरियर कैसा दिखेगा...ऐसे कई सारे सवाल लोगों के मन में हैं। लोगों की इसी उत्सुकता को देखते हुए पहली बार दैनिक भास्कर सूरत मेट्रो और कोच का डिजाइन आपके लिए लेकर आया है। इसकी अनूठी डिजाइन और इंटीरियर आपका मन मोह लेगी और आप जल्द से जल्द इसमें सफर करना चाहेंगे। कोच की इंटीरियर की बात करें तो इसे गुजरात की सबसे प्रसिद्ध गरबा थीम से जोड़ा गया है।


वहीं, कोच के अंदर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए हैंडरेल को गरबा की ज्योत के रूप में डिजाइन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि लोग जब सफर करें तो अपनी संस्कृति और परंपरा से जुड़ाव महसूस कर सकें। ट्रेन का फ्रंट लुक भी काफी आकर्षक नजर आ रहा है। बता दें कि मेट्रो कोच को टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड (टीआरएसएल) द्वारा डिजाइन किया जा रहा है।

ऐसी दिखेगी मेट्रो



## कोच के अंदर का इंटीरियर कुछ इस तरह दिखाई देगा

ज्योत की थीम पर हैंडरेल



मेट्रो की छत गरबा की थीम पर



**मेट्रो ट्रेन की विशेषता**

- **72** कोच तैयार किया जा रहे हैं
- **3** कोच हर मेट्रो ट्रेन में रहेंगे
- **24** सेट मेट्रो ट्रेन सूरत आएगी
- **300** यात्री मेट्रो में सफर कर सकेंगे

मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि हालांकि अभी यह डिजाइन पूरी तरह से फाइनल नहीं है। इसमें कुछ बदलाव संभव है।

- अक्टूबर 2023 में टीटागढ़ मेट्रो रेल सिस्टम को 72 कोच का ऑर्डर दिया गया था। इस पर कुल लागत 857 करोड़ रुपये आएगी। अभी इसके निर्माण का काम चल रहा है। उम्मीद है कि 2027 तक सूरत में मेट्रो ट्रेन दौड़ने लगेगी।